तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज ढलाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार तिंवरी) सू.अ.अ. अपील संख्या 174 / 2018	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.01.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी ढलाराम पुत्र भींयाराम निवासी भिवजी का बेरा, बिंजवाड़िया तहसील तिंवरी जिला जोधपुर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 29.10.18 में उसके द्वारा (1) मैने आपके विभाग में 20.07.2018 को अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया, उस पर की गई प्रतिदिन की कार्यवाही अर्थात् दैनिक प्रगति रिपोर्ट व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार तिवरीं) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार तिवरीं) तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार तिंवरी) से जरिये पत्रांक 382 दिनांक 26.12.2018 प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा मांगी गई सूचना 25 पृष्ठीय होने से प्रार्थी को 50/– रूपये जमा कराने हेतु जरिये पत्रांक 257 दिनांक 30.10.18 प्रेषित किया गया, लेकिन प्रार्थी द्वारा शुल्क जमा नहीं करवाया गया। चूंकि लोक सूचना अधिकारी कार्यालय में प्रार्थी ने निर्धारित शुल्क जमा नही करवाया है अतः अपीलार्थी सूचना प्राप्त करने के प्रति गंभीर है तो अब भी निर्धारित राशि लोक सूचना अधिकारी कार्यालय में जमा कर सूचना प्राप्त कर सकता है। लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है अतः प्रस्तुत अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	